



### एक नजर में

## फिश पार्लर स्थापना के लिए मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत जिले में स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जायेगी। इस योजना अंतर्गत प्रति स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना के लिये 5 लाख रूपये राशि का प्रावधान किया गया है।**

जिले के नगरीय निकाय, पंचायतों से योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे है। जिले मे मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत जारी वितीय वर्ष मे जिला टीकमगढ़ हेतु 4 स्मार्ट फिश पार्लर सामान्य वर्ग हेतु एवं जिला निवाड़ी हेतु 2 स्मार्ट फिश पार्लर सामान्य वर्ग हेतु की स्थापना की जायेगी। जिले के पात्र, इच्छुक नगरीय निकाय,पंचायत आगामी 15 जुलाई को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ मे जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नही होगें। इस योजना अंतर्गत प्रति स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना के लिये 5 लाख रूपये राशि का प्रावधान किया गया है।

# सागर आईजी ने घटना स्थल का लिया जायजा

**विजयपुर गांव में नरबलि से जुड़ा मामला**

**चार टीमें करेंगी मामले की छानबीन**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। विजयपुर नरबलि से जुड़े मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सागर संभाग की आईजी श्रीमती हिमांगी खन्ना टीकमगढ़ से सीधे चंदेरा थाना के ग्राम विजयपुर घटना स्थल पर पहुंची जहां उन्होंने कई लोगों से पूंछताछ कर मौके का मुआयना कर मामले को लेकर एसपी से विस्तृत जानकारी ली।**

**आईजी हिमांनी खन्ना के साथ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई भी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि मामले में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन कर तत्काल प्रभाव से अनुसंधान प्रारंभ करने के निर्देश दिए। थाना चंदेरा अंतर्गत ग्राम विजयपुर स्थित गोंड बाबा के स्थान पर एक युवक की हत्या की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। मृतक की पहचान अखिलेश कुशवाहा निवासी ग्राम सतगुआ के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं थाना प्रभारी चंदेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन घटनास्थल पर पहुंचे तथा पूरे घटनाक्रम से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को अवगत कराया।**



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य टीमों के साथ मिलकर घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन किया एवं वहाँ मौजूद व्यक्तियों से आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन कर तत्काल प्रभाव से अनुसंधान प्रारंभ करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपराध का शीघ्र खुलासा करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस विभाग इस गंभीर अपराध की तह तक पहुँचने हेतु हर संभावित पहलू की जाँच कर रहा है। पुलिस प्रशासन आमजन से अपील करता है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वह स्थानीय पुलिस को गोपनीय रूप से सूचित करें। देर रात दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के भाई सुनील खटीक ने अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपए की मदद की है। वहीं मामले का ग्रामीणों ने जल्द खुलासा करने के लिए कहा है।



**सागर रेंज आईजी ने किया निरीक्षण**

विजयपुर गांव में एक युवक की सिर काटकर हत्या कर दी गई है। मृतक 32 साल का अखिलेश कुशवाहा है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि घटना की जांच के लिए सागर रेंज आईजी हिमानी खन्ना घटनास्थल पर पहुंची हैं। रविवार को मिली लाश में सिर धड़ से अलग था। सिर को एक चबूतरे पर लगे झंडे के नीचे रखा गया था। इस वजह से नरबलि की आशंका जताई जा रही है। सागर रेंज आईजी हिमानी खन्ना ने इस मामले में एसपी को आवश्यक निर्देश दिए है।

## बारिश के चलते नदियों का बढ़ा जल स्तर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटे के भीतर जतारा तहसील में 22 मिलीमीटर और मोहनगढ़ में 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। लगातार हुई बारिश से जामनी नदी का जल स्तर बढ़ गया है। नदी में पानी आने से बरीघाट डेम लबालब हो गया है। डेम से तीन फीट ऊपर पानी जाने से झरना की तरह बह रहा है।**

धिकारियों ने लोगों से बारिश के मौसम में डेम पर ना जाने की सलाह दी है। बरीघाट डेम के रास्ते तक जल भराव हो गया था। जामनी नदी से पानी बहाव तेज होने से बरीघाट के आगे बने त्रिगटा तक पानी का भराव हो गया। अब तक जिले में 497.9 मिमी यानी करीब 19.6 इंच औसत बारिश हो चुकी हैए जो कुल अनुमानित 40 इंच का लगभग 50 फीसदी है। बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है। बारिश के चलते बरीघाट फिल्टर प्लांट के पास जामनी नदी पर बना डैम पूरी तरह भर गया है। तीन दिन बाद सोमवार को लोगों के घरों में नलों के जरिए पानी की सप्लाई हुई है। जिले के कई हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है।

# टोल प्लाजा कर्मचारियों ने युवकों से की मारपीट

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर से 10 किलोमीटर दूर मवई टोल प्लाजा पर रविवार देर रात मारपीट की घटना सामने आई है। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों में से किसी ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नही कराई है।यह मामला देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।**



घटना सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रही है। टोल प्लाजा के चार से पांच कर्मचारियों ने दो युवकों की जमकर पिटाई की। कर्मचारियों ने लात, घूंसों और डंडों से युवकों को पीटा। देहात थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में अभी तक विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आश्चर्यजनक रूप से दोनों पक्षों में से किसी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव का कहना है कि उन्होंने सीसीटीवी वीडियो देखा है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वीडियो के आधार पर घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है। शहर से 10 किलोमीटर दूर मवई टोल प्लाजा पर रविवार देर रात मारपीट की घटना सामने आई है। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों में से किसी ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नही कराई है।

## फर्जी वेबसाइटों से लोगों को बचने की सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय विभाग द्वारा जन सामान्य को फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नही बनवाने की सलाह दी गई है। साथ ही बताया गया है कि आम जन को फर्जी वेबसाइटों की जानकारी नहीं होने के कारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने उपरांत परेशानियों का सामना करना पडता है। साथ ही मप्र शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी बंचित होना पडता है।**

भारत सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट पर ही विजिट कर संबंधित रजिस्ट्रार से 21 दिवसों के अंदर नि:शुल्क जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर अथवा ऑनलाइन कम्प्यूटर शॉप को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्र में जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए संबंधित नगर पालिका, नगर परिषद में संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर पंजीयन कराया जा सकता है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल में जन्म-मृत्यु घटना होने पर संबंधित शासकीय एवं निजी अस्पताल में घटना का पंजीकरण करने अथवा करवाने तथा प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए बाध्य है। किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# अतिक्रमण को पृथक किए जाने की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के द्वारा शहर के अम्बेडकर तिराहा से खादी आश्रम तक बंडा नहर पर किए गए अतिक्रमण को पृथक किए जाने की कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों के मकान गिरने जेसी स्थिती निर्मित हो गई थी।**

जिसके बचाव हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशानुसार निकाय द्वारा नहर के किनारे आरसीसी की स्लेव डलवाकर आवासों एवं नहर को सुरक्षित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा आरसीसी स्लेव निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है और आवास मालिकों से संतुष्टि की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा उपस्थित रहें।



कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के द्वारा शहर के अम्बेडकर तिराहा से खादी आश्रम तक बंडा नहर पर किए गए अतिक्रमण को पृथक किए जाने की कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों के मकान गिरने जेसी स्थिती निर्मित हो गई थी।

## तृतीय चरण की चॉइस फीलिंग 11 तक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में संचालित शासकीय आईटीआई टीकमगढ़, पलेरा एवं बल्देवगढ़ में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 11 जुलाई तक तृतीय चरण के अंतर्गत चॉइस फिलिंग तथा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर सकते हैं। तृतीय चयन सूची 17 जुलाई को विभाग के पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी। तृतीय चरण के अंतर्गत प्रवेश की कार्यवाही 17 जुलाई से 19 जुलाई तक संबंधित संस्था में की जाएगी। इसके अतिरिक्त पूर्व से आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन कर चुके आवेदकों के लिए निम्नानुसार कार्यवाही करना आवश्यक होगी।**

प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण के यदि आवेदक को एलॉटमेंट नहीं मिला है तो ऐसे आवेदकों की च्वाईस फिलिंग यथावत रहेगी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत

**नवभारत न्यूज, पलेरा। शासकीय महाविद्यालय पलेरा में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए की गई। इसका उद्देश्य पिछले वर्ष की सफलता को आधार बनाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय की भागीदारी को मजबूत करना है।**



कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा समेत जनभागीदारी पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत, रोहित यादव भाजपा नेता समेत महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने कॉलेज परिसर में नींबू, अमरूद, जामुन और आम, कटहल जैसे फलदार पौधे लगाए। महाविद्यालय के प्राचार्य आरएन पाल ने सभी को अधिक से अधिक पौधा लगाने, उनका संरक्षण और संवर्धन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि कहा कि जन-भागीदारी समिति के अध्यक्ष संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा अपनी व्यवस्थित प्लानिंग बनाकर कार्यकाल का पूरा उपयोग करें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत ने कहा कि महाविद्यालय का कार्यक्षेत्र महाविद्यालय तक सीमित न रहे, पारदर्शिता और गुणवत्ता भी आए। उन्होंने कहा कि प्राचार्य और समिति अध्यक्ष बच्चों की शिक्षा और उनके सम्पूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। जनभागीदारी भाजपा नेता रोहित यादव ने कहा कि महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम, औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कर सामाजिक कार्यक्षेत्र में विद्यार्थियों का सहयोग, महाविद्यालय में बाहरी हस्तक्षेप को रोकना जिम्मेदारी है।

# बरसात में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें कीचड़ में तब्दील

**रख-रखाव के आभाव में प्रधानमंत्री सड़क क्षतिग्रस्त**

**संबंधित ग्रामीणों ने सड़कों की मरम्मत का उठाया मुद्दा**

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। लगातार बारिश से ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें कीचड़ में तब्दील होने से गांव का शहर से संपर्क टूट गया हैएगौर हो प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनान्तर्गत सडक निर्माण के करीब 15 वर्ष से अधिक समय से संबधित विभाग द्वारा देख-रेख के अभाव में सडक जगह-जगह से उखडकर जर्जर हालत में पहुंचने से बरसात में कीचड़ से सराबोर होने से लोगों का मार्ग पर चलना किसी जोखिम भरा हो गया है।**



लहादरा की आबादी की बात की जाएं तो यहां की आबादी पंद्रह सौ के करीब होगी वहीं नाऊपहारिया की आबादी लगभग आठ सौ के करीब बताई जाती है। लहादरा, नाऊपहारिया दो ग्रामों का एक ही सरपंच है। गौरतलब होगा दो गावों को जोडती यह सडक बरसात में कीचड़ से सराबोर होने से सडक पगडंडी में तब्दील होने से स्कूल वाहन न निकल पाने से नौनिहाल कीचड़ युक्त सडक पर पैदल निकलते वक्त फिसलकर गिरने से चोटिल हो रहे है।

उल्लेखनीय होगा प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत कराये जा रहे मकान निर्माण में लगने वाला मटैरियल वाहन नही आ पाने से निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नही हो पा रहा। लहादरा गांव के लोकेन्द्र सिंहएठाकुर, शंकर सिंह, जयसिंहए जयहिन्द सेन व नाऊपहारिया निवासी दृगपाल सिंहए शैलेन्द्र सिंह, लखन यादव,चिरंजी यादव हरचरन का कहना है इमरजेन्सी में किसी बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला की डिलीवरी के समय जननी एक्सप्रेस या एम्बुलेंस वाहन गांव में मरीज तक न पहुंचने से ग्रामीणों को भारी परेशानी के बीच चारपाई पर लाना पडता है।

इस सम्बन्ध में गांव के सरपंच पति राजेश यादव का कहना है शासन प्रशासन व सम्बंधित अधिकारियों जन प्रतिनिधियों से सडक निर्माण की मांग की जाती रही है पर हर बार आश्वासन ही मिलता रहा। ग्रामीणों ने सम्बधित विभाग से पक्की सडक निर्माण की मांग कर नवीन बाईपास सडक से जोड़ने की मांग उठाई है । इस संबंध में उपयंत्री रामदत्त मिश्र उपयंत्री लोक निर्माण विभाग नौगांव ने बताया कि नगरपरिषद की नाली बनने पर इश्यू आया था। शहर की रोडबारिश में टिकती तो नही,हम शीघ्र ही सीसी रोड का नया प्रस्ताव भी करवाते है सीसी रोड हो जाए तो समस्या नही रहेगी।

**बैठक** ▶ **समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

# जलभराव के निकास की करें समुचित व्यवस्था

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को टीएल की बैठक कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुये जिले में पदस्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति से संबंधित जानकारी तत्परता से वरिष्ठ कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि बारिश से यदि कहीं जलभराव है तो उसके निकास की समुचित व्यवस्था की जाये। तत्पश्चात उन्होंने जर्जर व मरम्मत योग्य स्कूलों की जांच कर निराकरण किये जाने हेतु निर्देश जारी किए।**



कलेक्टर ने सभी विभाग अपने कर्मचारियों, अधिकारियों की जानकारी तैयार रखें तथा सीआर प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि राशन वितरण की शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करायें तथा राशन वितरण में गड़बड़ी नहीं हो यह सुनिश्चित करें। साथ ही अनियमितता पाये जाने पर राशन वितरण केन्द्र, दुकानों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि बारिश से यदि कहीं जलभराव है तो उसके निकास की समुचित व्यवस्था की जाये। तत्पश्चात उन्होंने जर्जर व मरम्मत योग्य स्कूलों की जांच कर निराकरण किये जाने हेतु निर्देश जारी किए। श्री श्रोत्रिय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुये लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाये। उन्होंने आयुष्मान भारत निरामय योजना की समीक्षा करते हुये सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि छात्रावासों व एमडीएम में भोजन की व्यवस्था अच्छी हो यह सुनिश्चित करें तथा समस्त विभाग ई-ऑफिस के माध्यम से फाईल संचालन की प्रगति बढ़ाये। उन्होंने सभी सी एम ओ को निर्देश दिए कि बारिश से यदि कहीं जलभराव है तो उसके निकास की समुचित व्यवस्था की जाये।

तत्पश्चात उन्होंने जर्जर व मरम्मत योग्य स्कूलों की जांच कर निराकरण किये जाने हेतु निर्देश जारी किए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संबल अंतर्गत पात्रतानुसार सहायता प्रदान कराने के निर्देश दिये।

**बैठक में जिले के अधिकारियों ने लिया भाग**

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, तोमर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, डीडी विटनरी डॉ. आरके जैन, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौरभ तिवारी रामबाबू गुप्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त होने पर पेंशन प्रकरण स्वीकृत आदेश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिये के निर्देशानुसार जिले में शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें तत्काल जीपीएफ अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृत कर सभी आदेशों की प्रति प्रदान की जा रही हैं।**

इसी इसीक्रम में भू अभिलेख शाखा टीकमगढ़ में पदस्थ सहायक वर्ग-2 राजीव खरे के सेवानिवृत्ति पर ही जीपीएफ अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृत कर सभी आदेशों की प्रति प्रदान की गई। अपर कलेक्टर पीएस चौहान ने 30 जून को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए खरे को विदाई समारोह में ही जीपीएफ अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृत कर उक्त सभी आदेशों की प्रति प्रदान की। शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें जीपीएफ स्वीकृत कराएं।

## इमाम हुसैन की याद में निकाले ताजिए



**नवभारत न्यूज हरपालपुर । मुहर्रम पर रविवार को इमाम हुसैन की याद में मुख्य मार्ग से होते हुए जुलूस मोची तिराहा पहुंचा जुलूस में ताजिए बुर्राक निकाले गए।**

मुहर्रम के पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा,जुलूस के दौरान ताजियों पर लोबान छोड़कर लोगों ने मन्नते मांगी इस अवसर पर ढोल नगाडो के बीच लंगर का आयोजन किया गया,देर रात ताजिए करबला के लिए रवाना हुए। मुहर्रम पर्व साम्यप्रदायिक सदभावना की अनूठी मिसाल पेश करता है। इस पर्व पर मुस्लिम धर्म के अनुयायियों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए ।

मुहर्रम पर रविवार को इमाम हुसैन की याद में मुख्य मार्ग से होते हुए जुलूस मोची तिराहा पहुंचा जुलूस में ताजिए बुर्राक निकाले गए।